सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री

Prime Minister

संदेश

देशभर के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। महान शिक्षाविद् एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर समस्त देशवासियों की ओर से उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन, जिनके स्मरण में गुरूओं के सम्मान की यह उत्कृष्ट परंपरा है।

अपने ज्ञान रूपी प्रकाश से विद्यार्थियों के जीवन को आलोकित करने वाले गुरूओं की महिमा और उनके अभिनंदन में शास्त्रों में कहा गया है-

अज्ञान तिमिरान्धस्य ज्ञानाञ्जन शलाकया ।
चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्री गुरवे नमः ॥

प्राचीन काल में गुरू-शिष्य की अनुपम गुरूकुल परंपरा से लेकर आधुनिक युग की तकनीक आधारित विश्वस्तरीय शिक्षा प्रणाली तक, हमारे देश के शिक्षक नीति और समय के अनुरूप खुद को ढालते हुए शिक्षा व्यवस्था को प्रभावी तरीके से आगे ले जा रहे हैं। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी इन्होंने सुनिश्चित किया कि विद्यार्थियों के सीखने का क्रम निर्बाध, निरंतर चलता रहे।

बीते वर्षों में शिक्षा क्षेत्र में किए गए सुधारों का लक्ष्य हमारी भावी पीढ़ी को सर्वसुलभ, समयानुकूल एवं सर्वोत्तम शिक्षा प्रदान करना है। साथ ही नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रमों, विकसित शैक्षणिक बुनियादी ढांचे, प्रोत्साहन एवं बेहतर कार्य संस्कृति उपलब्ध कराने जैसे विभिन्न प्रयासों के जरिए हमारे शिक्षक भाई-बहनों के हाथों को निरंतर मजबूत किया जा रहा है।

देश के होनहार छात्र-छात्राओं की आंखों में आज सुनहरे भविष्य के सपने हैं और उनमें इन सपनों को पूरा करने का सामर्थ्य भी है और विश्वास भी। यह देखना सुखद है कि उनके सीखने और निरंतर आगे बढ़ने की इस यात्रा में आज देश सभी सुविधाओं और संसाधनों के साथ है। मुझे गर्व है कि देश के शिक्षण संस्थानों से पढ़ाई पूरी कर निकलने वाले हमारे प्रतिभाशाली एवं दक्ष युवा साथी हर क्षेत्र में देश का मान बढ़ा रहे हैं।

आजादी की शताब्दी तक की यात्रा के अमृत कालखंड में एक भव्य, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लेकर देश आगे बढ़ रहा है। अमृत काल के इन अमृत संकल्पों की सिद्धि में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रहने वाली है। राष्ट्र के भविष्य हमारे बच्चों और युवाओं के जीवन को गढ़ते हुए आप आने वाले वर्षों में देश को नई दिशा प्रदान करेंगे। मुझे पूर्व विश्वास है कि सामूहिक सामर्थ्य की शक्ति से ऊर्जित राष्ट्र प्रगति की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

इस विश्वास के साथ एक बार पुन: सभी शिक्षकगणों को शिक्षक दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

(नरेन्द्र मोदी)

नई दिल्ली
भाद्रपद 09, शक संवत् 1945
31 अगस्त, 2023